कैदी कविराय
की कुण्डलिया

कैदी कविराय की कुण्डलियाँ

अटलबिहारी वाजपेयी

सरस्वती विहार

२१ दयानन्द मार्ग दरियागंज
नई दिल्ली-११०००२

आत्मनिवेदन

कवि नहीं हूं
काव्य मरघट का,
पुराना भूत हूं मैं।

जग गया हूं
लग गया हूं,
अनागत अवधूत हूं मैं।

—अटलबिहारी वाजपेयी

कवि के बारे में

कुछ ही हफ्ते पहले अटलजी विदेशमंत्री बने थे। मैं मिलने गया था। बात उनके जीवन के दौरान पढ़ने लिखने की चल रही थी। बीच में अटलजी उठे और एक फाइल ले आए। उन्होंने फाइल की कोई पचास कुण्डलियां मुझे पढ़ने को दीं। पढ़ने के बाद मैंने कहा कि इनका संकलन छपना चाहिए। राजनीति की ये व्यंग्य कविताएं देखने में छोटी और सपाट-सी थीं परन्तु मार करें गम्भीर वाली उक्ति चरितार्थ करती थीं। पर अटलजी न केवल संकलन छपाने को आतुर नहीं थे छपाई के प्रति उदासीन भी थे। उनकी आदत में शुमार हो चुकी उदासीनता का ही यह परिणाम है कि उनके अनगिनत विचारपूर्ण भाषण आज हवा में विलीन हो चुके हैं। जो इक्का-दुक्का भाषण-संकलन छपे भी हैं वे उनका आंशिक प्रतिनिधित्व ही करते हैं। जेल जीवन की ये रचनाएं उनकी उदासीनता के कारण बिखरें नहीं यह मेरी इच्छा थी।

कविता संकलन छपने से वे चोटी के कवियों में प्रतिष्ठित हो जाएंगे न यह मेरी मान्यता थी, न उनकी कविताई की ही यह मंशा थी। १६ महीनों की काली रात के ऐतिहासिक कालखण्ड में अटलजी जैसे राजनेता की कुण्डलियों में व्यक्त हुई प्रतिक्रियाओं का जहां अपना एक राजनैतिक महत्त्व है वहां साहित्यिक महत्त्व भी है। एक अर्थ में ये जनसामान्य के साथ स्पन्दित एक संवेदनशील हृदय की वे धड़कनें हैं, जो देश के जागृत मानस के घुटन और आक्रोश पीड़ा और पराक्रम, वर्तमान के प्रति उनके राजनैतिक मन और भविष्य का प्रवाह, दुर्जेय तानाशाही का एहसास और अजेय जनशक्ति का आत्मविश्वास, समाज के सामूहिक तनाव का रेखाचित्र और आहत उत्तेजनाओं की विराट क्षमताओं का साक्षात्कार है। पर मैं सिर्फ उसके दस्तावेजी और राजनैतिक महत्त्व के तर्क से अपना आग्रह दुहराता रहा। उनका जवाब था कि इक्का दुक्का कविताएं पत्रिकाओं में छप ही रही हैं। प्रायः पत्रकार मित्र आकर कविताएं ले जाते हैं, ऐसा ही चलने दो।

"धर्म सरस्वती विहार' और 'हिन्द पॉकेट बुक्स' के सम्पादक मेरे मित्र सुदर्शन चोपड़ा अपनी सम्पादकीय घ्राण शक्ति से इन कविताओं के बारे में जान चुके थे। वे उन्हें छापना चाहते थे। मैंने उन दोनों को इस आशा से जोड़ दिया कि जब कदाचित प्रकाशकीय दबाव अटलजी की उदासीनता को तोड़े और अंततः एक दिन अनुबन्ध पत्र पर अटलजी के हस्ताक्षर हो गए।

कविता में अपना कभी कोई दखल नहीं रहा। अतः कुण्डलियों के साथ सम्पादकीय टिप्पणियाँ लिखने के बारे में सोच रहा था। राजनैतिक व्यंग्य कुण्डलियों पर साहित्यिक टिप्पणियाँ जड़ना मेरे बूते की बात नहीं थी। कोई काव्य मर्मज्ञ साहित्यकार इसके लिए ज्यादा उपयुक्त होता लेकिन अटलजी का एक बार कहना था कि मैं तुरंत तैयार हो गया। शायद कहीं यह विश्वास पैदा हो गया था कि इन पर पत्रकारीय टिप्पणियाँ भी चलेंगी।

क्या अटलजी कवि हैं? इस प्रश्न का उत्तर हाँ या न में देना सरल नहीं है। नवीं कक्षा में अटलजी ने पहली कविता लिखी थी। शीर्षक था यह ताजमहल यह ताजमहल। वह कविता ताजमहल के रागात्मक पक्ष पर केन्द्रित नहीं थी। ताजमहल के बारे में परम्परा से हटकर बिलकुल नये प्रश्न उस छोटी उम्र में उठाए थे। शायद उनके व्यक्तित्व की सम्भावनाओं का वह प्रथम विस्फोट था। वैसे उनके पिता श्रीकृष्णबिहारी वाजपेयी भी कवि थे। इस सन्दर्भ में यह भी ज्ञातव्य है कि हाल में हुए ग्वालियर क्षेत्र के प्राथमिक से लेकर उच्च विद्यालयों तक की प्रार्थनाओं के एक सर्वेक्षण में यह तथ्य सामने आया कि उनमें से अनेक प्रार्थनाओं के रचनाकार अटलजी के पिता श्रीकृष्णबिहारीजी ही थे। निष्कर्ष यह निकलता है कि काव्य के प्रति अनुराग अटलजी को पैतृक विरासत के रूप में मिला।

एक दिन डा० बरसाने लाल चतुर्वेदी मिल गए। उन्होंने उन दिनों को याद किया जब अटलजी कवि-सम्मेलनों के मंच के जादूगर थे। कवि सम्मेलनों में अटलजी का मंचीय साहचर्य नीरज, देवराज दिनेश, शिवमंगल सिंह सुमन आदि के साथ रहा। चतुर्वेदीजी ने भी बहुत से कवि सम्मेलनों में अटलजी के साथ कविता पाठ किया।

डा० चतुर्वेदी कह रहे थे कि अटलजी में दिनकर के ओज और राष्ट्रवाद के साथ साथ नीरज की तरलता और भावुकता भी थी। अगर वे काव्य की यात्रा ही करते तो निश्चय ही आज चोटी के नेता होने के बजाय चोटी के कवि होते।

लेकिन अटलजी का कवि पिछड़ता गया, राजनेता बढ़ता गया। उनकी काव्य क्षमता भाषणों में घुलती गई और उनके भाषण सरस्वती का

का यात्मक प्रसाद बनते गए। राजनतिक तकवाद न उनके कवि हृदय का कूल किनारा को तोडकर बहन स रोका। उनक हृदय की का य स्रोतस्विनी न उनक राजनेता को हृदयहीन राजनतिक जीव होने से बचाया। अगर आज अटलजी राजनतिक सौदेबाजी की भाषा म व्यवहार नही करते है तो यह मानवीय गुण उनके अन्दर क उस उनी दे कवि की करामात ही है जो उनम जीवन भर के लिए समाधिस्थ हो गया प्रतीत होता है।

अटलजी का पहले सम्बध बना आय कुमार सभा स और बाद म राष्ट्रीय स्वयसेवक सघ से। उनकी विचारसरणी पर राष्ट्रीय स्वयसेवक सघ और आय समाज का गहरा असर रहा है। वैसे स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयान द तिलक, महात्मा गाधी सावरकर, डा० हेडगवार एम० एन० राय जवाहरलाल नेहरू, श्री गुरुजी से लकर और डा० श्यामाप्रसाद मुखर्जी डा० लोहिया प० दीनदयाल उपाध्याय आदि परस्पर विरोधी दिखन वाले विचारको क व्यक्तित्व और कतित्व न अटलजी का अपने-अपने ढग से प्रभावित किया। कुल मिलाकर अटलजी क व्यक्तित्व म प्रखर किन्तु उदार राष्ट्रवाद का उदभुत योग उत्पन्न हुआ है। इसी योग ने अटलजी को सस्थागत आबद्धताओ के बावजूद सस्थावद्धता से ऊपर उठकर विचार और निणय करने की क्षमता दी है।

उनकी प्रारम्भिक कविताओ म भी प्रखर कि तु उदार राष्ट्रवाद की यही अवधारणा प्राय दृष्टिगोचर होती है। निम्न पक्तिया म भारतीय उदारता का जो स्वरूप प्रकट हुआ है उसे अटलजी ने दो दशक से ज्यादा पहले पक्तिबद्ध किया था

गोपाल राम के नामो पर, कब मैंने अत्याचार किया
कब दुनिया को हिन्दू करन, घर घर म नर सहार किया
कोइ बतला दे काबुल मे जाकर कितनी मस्जिद तोडी
भू भाग नही शत शत मानव के, हृदय जीतने का निश्चय।

अटलजी रूढ अर्थों म न व्यक्तिवादी ह न समाजवादी। इस यो भी कहा जा सकता है कि व्यापक अर्थां म व्यक्तिवादी और समाजवादी दोनो है। निम्न पक्तिया उन्होने अपन लिए कही है। तब कही, जब व शायद कॉलेज क छात्र भी नही थे। समाज और देश क लिए समपण की वही यह चेतना है जो उनक जीवन का निर्देशक तत्त्व बन गई है

मैं तो समाज की थाती हू
मैं तो समाज का हू गुलाम।
मैं तो समष्टि क लिए व्यष्टि का
कर सकता बलिदान अभय।

इसी कविता की निम्न पंक्तियां उन्होंने अपने देश की तरफ से कही हैं

मैं शंकर का वह क्रोधानल
कर सकता जगती क्षार क्षार
डमरू की वह प्रलय ध्वनि हूं
जिसमें नचता भीषण संहार,
रणचण्डी की अतृप्त प्यास
मैं दुर्गा का उन्मुक्त हास
मैं यम की प्रलयंकर पुकार
कर सकता जगती क्षार-क्षार,
यदि अन्तरतम की ज्वाला से
जगती में आग लगा दूं मैं
धधक उठे जल थल अम्बर
जड़ चेतन तो क्या विस्मय !

उनकी प्रारम्भिक भावुकता भरी कविता का एक अंश प्रस्तुत है

विश्व गगन पर अगणित गौरव के दीपक अब भी जलते हैं
कोटि कोटि नयनों में स्वर्णिम युग के शत सपने पलते हैं।
शत शत आघातों को सह कर जीवित हिन्दुस्तान हमारा
जग के मस्तक पर रोली सा शोभित हिन्दुस्तान हमारा।

और यह भी कि

उस स्वर्ण दिवस के लिए आज से कमर कसें बलिदान करें।
जो पाया उसमें खो न जाएं जो खोया उसका ध्यान करें।

अमर आग है—अमर आग है नामक कविता जिस ओज से अटलजी बोला करते थे आज भी लाखों लोगों को उसकी स्मृति रोमांचित कर जाती है। उस कविता की ये पंक्तियां इतिहास के एक प्रेरक प्रसंग की याद में कही गई हैं

यही आग सरयू के तट पर दशरथ जी के राजमहल में
घनसमूह में चल चपला सी प्रकट हुई प्रज्वलित हुई थी
दैत्य दानवों के अधम से पीड़ित पुण्यभूमि का जन जन
शंकित मन मन त्रसित विप्र, आकुल मुनिवरगण
बोल रही अधर्म की तूती दुस्तर हुआ धर्म का पालन।
तब स्वदेश रक्षार्थ देश का सोया क्षत्रियत्व जागा था
रामरूप में प्रकट हुई यह ज्वाला जिसने असुर जलाये देश बचाया
वाल्मीकि ने जिसको गाया।

वह चलन उन दिनों हालावाद का था। रहस्यवाद और छायावाद के कवि समादृत थे। प्रगतिवाद फैशन में था और प्रयोगवाद शैशव में लेकिन

अटलजी की अधिकांश कविताएं उद्‌बोधन शैली में रची गई हैं जो कि नव जागरण की ओर स्वतन्त्रता के नाम आमन्त्रण का यही स्वरूप अतिरिक्त बोधगम्य था। इनमें राष्ट्रवाद का पुट होता था

अस्थियों शहीदों की देती आमन्त्रण, बलिवेदी पर कर दो सर्वस्व समर्पण
कारागारों की दीवारों का न्योता, कैसी दुर्बलता, अब कैसा समझौता ?
हाथों में लेकर प्राण चला मतवाला, सीने में लेकर आग चला प्रणवाला !

इस विभाजन के समय अटलजी की प्रतिक्रिया का यह पंक्तियां उन वेदना विदग्ध मानस की तस्वीर है

मां के पुत्रों के शोणित से, रंजित है वसुधा की छाती।
टुकड़े-टुकड़े हुई विभाजित, बलिदानी पुरखों की थाती।
कण-कण पर शोणित बिखरा है, पग पग पर माथे की रोली।
इधर मनी सुख की दीवाली, और उधर जनधन की होली।

संकट की एक घड़ी की चुनौती स्वीकार करते हुए अटलजी ने कुछ कविताएं लिखी थी। यहां दो के अंश उद्धृत हैं

उजियारे में अंधकार में, कल कछार में बीच धार में,
घोर घृणा में पूत प्यार में, क्षणिक जीत में, दीर्घ हार में,
जीवन के शत शत आकर्षक अरमानों को दलना होगा !
कदम मिलाकर चलना होगा ! !

आंसू नहीं, स्वेद शोणित की आज मांग है
कर्म क्षेत्र में मर मिटने का अमिट राग है
कंटक पथ पर पांव बढ़ाते गात जाना
हर बाजी पर हम यहां सर्वस्व लगाना
जन्म मरण का खेल अनूठा इसमें हार नहीं है
वह क्या चल पाएगा जिसको पथ से प्यार नहीं है ?

'स्वतन्त्रता दिवस की पुकार' नामक कविता में सामाजिक एकता का एक पहलू उजागर है इन पंक्तियों में

जिनकी लाशों पर पग धर कर आजादी भारत में आयी।
वे अब तक खानाबदोश गम की काली बदली छायी।
बस, इसीलिए तो कहता हूं आजादी अभी अधूरी है।
कैसे उल्लास मनाऊं मैं ? थोड़े दिन की मजबूरी है।

विभाजन पर ही दूसरी कविता की उन कुछ पंक्तियों का तेवर कुछ जुदा है

किस बेटे ने मां के टुकड़े कर के दीप जलाए ?
किसने भाई की समाधि पर ऊंचे महल बनाए ?

चिता भस्म पर किसने गुम्बद स्वर्णिम साज सजाए ?
किसने लाखों के विनाश पर जय के वाद्य बजाए ?
किसने आग लगा कर अपने घर किया उजाला ?
किसने निज का सुख उन्माद मा का विक्रय कर डाला ?
शस्य श्यामला स्वणभूमि क्यों हुई आज कंगाल ?
किसके कारण देव भूमि म आज अभाव अकाल ?

हाल के आपातकाल के दौरान उन्होंने यह कविता लिखी थी। जब यह कविता कद की दीवारों को चकमा देकर बाहर आई तो इस सम्पादक ने उसे भूमिगत पत्र जनवाणी म प्रकाशित किया था। संघर्षरत लोगों के लिए टूट सकते हैं मगर हम झुक नहीं सकते' कितना प्रेरक था आज उसका अनुमान लगाना भी सहज नहीं है

सत्य का संघर्ष सत्ता से न्याय लडता निरकुशता से
अंधेरे ने दी चुनौती है किरण अंतिम अस्त होती है।
दीप निष्ठा का लिए निष्कंप वज्र टूटे या कि हो भूकंप
यह बराबर का नहीं है युद्ध हम निहत्थे शत्रु है सन्नद्ध
हर तरह के शस्त्र से है सज्ज और पशुबल हो उठा निर्लज्ज।
किन्तु फिर भी जूझने का प्रण पुन अंगद ने बढाए चरण।
दांव पर सब कुछ लगा है रुक नहीं सकते
टूट सकते हैं मगर हम झुक नहीं सकते।

२६ जनवरी १९७६ को राज पथ पर परेड चल रही थी और उधर अटलजी नजरबंदी के दौर म अस्पताल म बीमारी के दिन काट रहे थे। उस म उनकी एक कविता का जन्म हुआ। उसम से चार पंक्तियां प्रस्तुत हैं

राजपथ पर भीड जनपथ पडा सूना
पलटनों का मार्च होता शोर दूना
शोर म डूबा हुआ स्वाधीनता का स्वर
रुद्ध वाणी लेखनी जड कसमसाता उर।

स्पष्ट है कि अटलजी ने कभी भी कविता कविता के लिए नहीं लिखी। उनकी कविता अपने समाज के लिए थी पूरी मानवता के लिए थी। थी इसलिए कि आज उनकी अधिसंख्य कविताएं समय की दरारों म खो गई हैं। कहीं संकलित नहीं है। इक्की दुक्की उन्हें याद होगी। कुछ मित्रों की डायरियों म मिल जाएंगी पर ज्यादातर कविताएं अनुपलब्ध हैं। छपाई के प्रति उनकी उदासीनता के भाव ने उन्हें और समाज को कुछ महत्त्वपूर्ण रचनाओं से वंचित कर दिया।

असल म यह अटलजी के जीवन के एक अन्तर्द्वन्द्व और उसके बीच सम्पन्न हुई उनकी विकास-यात्रा का स्वाभाविक परिणाम है। उनके इस

अन्तर्द्वन्द्व को उनकी एक रचना के निम्न अंश म देखा जा सकता है, जो नवनीत के दिसम्बर १९६३ के अंक म राजनीति की रपट ली राह म' शीषक स प्रकाशित हुई थी

' मेरी सबसे बडी भूल है राजनीति म आना। इच्छा थी कि कुछ पठन-पाठन करूंगा। अध्ययन और अध्यवसाय की पारिवारिक परम्परा को आग बढाऊंगा। अतीत से कुछ लूगा और भविष्य को कुछ द जाऊंगा, किन्तु राजनीति की रपटीली राह म कमाना तो दूर रहा गाठ की पूजी भी गवा बठा। मन की शान्ति मर गई। सन्तोष समाप्त हो गया। एक विचित्र सा खोखलापन जीवन म भर गया। ममता और करुणा क मानवीय मूल्य मुह चुरान लग ह। क्षणिक स्थायी बनता जा रहा ह। स्थायित्व को जडता मानकर चलन की प्रवृत्ति पनप रही ह।

आज की राजनीति विवक नहीं, वाक्चातुय चाहता है, सयम नहा, असहिष्णुता को प्रोत्साहन देती है, श्रेय नहीं, प्रय क पीछे पागल है। मतभेद का समादर करना तो दूर रहा, उस सहन करन की प्रवत्ति भी विलुप्त होती जा रही है। आदशवाद का स्थान अवसरवाद ले रहा है। बायें और दायें का भेद भी व्यक्तिगत ज्यादा है विचारगत कम। सब अपनी अपनी गोटी लाल करन म लगे ह। उत्तराधिकार की शतरज पर मोहर बठान की चिन्ता म लीन है। सत्ता का सघष प्रतिपक्षियो स ही नहीं, स्वय अपने दल वाला स हो रहा है। पद और प्रतिष्ठा को कायम रखन क लिए जोड तोड, साठ गाठ और ठकुरसुहाती आवश्यक है। निर्भीकता और स्पष्टवादिता खतरे स खाली नहा है। आत्मा को कुचलकर ही आग बढा जा सकता है।

' इसम स देह नहीं कि जिस राजनतिक दल स मैं सम्बद्ध हू वह अभी तक अनक बुराइया से अछूता है किन्तु उसम भी ऐसे व्यक्तियों की सख्या बढ रही है जो हलकी आलोचना मे रस लेत हैं और प्रतिपक्षी की प्रामाणिकता पर खुल रूप म सन्देह प्रकट करना अपना अधिकार मानत है।

इतना सब होत हुए भी राजनीति छूटती नहीं। एक चस्का सा लग गया है। प्रतिदिन प्रात समाचारपत्रो मे अपना नाम पढकर जो नशा चढता है वह उतरने का नाम नहीं लता। सम्भवत इसीलिए राष्ट्रीय स्वयसवक सघ के सस्थापक न स्वयसवको को अखबार म नाम छपान और स्वागत सत्कारो म फसन क विरुद्ध चतावनी दी थी किन्तु राजनीति प्रधान युग म जब सस्कृति और समाज का विकास भी शासन की कृपाकोर पर निभर हो गया है आत्म विज्ञापन

स कस वचा जा सकता है ? स्पष्ट है साप छछू दर जसी गति हो गई है —न निगलते वनता है न उगलत।

आज की वदली हुई स्थितियां म भी उनके उक्त विचार कितन सुसगत ह । और जहा तक मरी जानकारी है आज भी उनका यह द्वद्व वरकरार है।

यह सही ह कि अटलजी न उगलन का कइ बार कोशिश की ह। राजनीति म उदासीन होकर पल्ला झाडने लग तो स्व० दीनदयालजी न उह मना लिया। दीनदयालजी म कुछ चमत्कार ही एसा था। ससदीय राजनीति के जजर होन का एहसास हुआ तो लोकसभा की सदस्यता स त्यागपत्र दन का फसला घोषित कर दिया। अच्छ खास विवाद और दलीय घरवन्दी क बाद उह त्यागपत्र न दन को मनाया जा सका। कइ बार उहोन चुनाव न लडन की इच्छा प्रकट की पर दलीय अनुशासन के समक्ष अपनी व्यक्तिगत इच्छा को उहोन दवा लिया। राजनीति क मौजूदा माहौल म जहा पारस्परिक अविश्वास की भरपूर फसल उगती ह, वहा शुद्ध राजनीतिक व्यक्ति इनम भी राजनतिक चाल ही दख तो देख सकत ह, पर जिसकी अटलजी क अदर क मनुष्य स थाडी भी पहचान ह वह उनक असमजस को कूट चाल नही मान सकता। यह अतद्वद्व जहा उह राजनीति म बनाए रखता है वही उह व्यापक मानवीय चेतना स जाड रखता है और साथ ही राजनीति स परावत करता रहता ह। सिफ सौदेवाजी क तराजू पर लखा जोखा करन वाल दलीय हानि लाभ की गणना करन पर कुछ लाग उनस खुश या नाखुश हो सकत ह लकिन आम आदमी अटलजी की आखो म अपनी धडकनो की समतयता पाता ह।

असल म राजनता अटलजी क व्यक्तित्व का एक महत्त्वपूण हिस्सा कवि है। व अपन हृदय की रचना क कारण कवि है और मौजूदा पष्ठभूमि म एक कविहृदय व्यक्ति का उच्चस्तरीय भारतीय राजनीति म महत्त्वपूण होना प्रसन्नता की वात है। एकात्म मानववादी आदशवाद के प्रति समर्पित अटलजी का विदशमत्री के नात विश्व राजनीति क मच पर उपस्थित होना सम्पूण मानवता का वसुधव कुटुम्बकम' की आकाक्षा क लिए मगल सकत है।

इस व्यापक परिप्रक्ष्य म यह कहा जा [illegible] राजनीति न एक कवि को पथ भ्रष्ट कर दिया लकिन वा [illegible] । को सत्य निर गु र [illegible] स भ्रष्ट होन स वचाए [illegible] [illegible]

[illegible]

की छाती मी

अब जो कुछ कहा जा रहा है, शायद वह गणितीय दृष्टि से सही न हो, पर सच्चाई कुछ-कुछ ऐसी ही है। वे आधे राजनेता हैं आधे कवि हैं और आधे सामान्य व्यक्ति। कायदे से तीन आधों का योग इकाई से ज्यादा होना चाहिए था परन्तु अटलजी के मामले में यह गुणा मिलाकर भी आधा ही बनता है। और यह अधूरापन उनकी जिन्दगी की एक बड़ी सच्चाई है एक बड़ी पूंजी भी है। यह अलग बात है कि उनके अधूरेपन के सामने औरों के पूरे भी बौने पड़ते हैं, लेकिन आधेपन का गहरा एहसास उनकी पूर्णता की कचोटों को भी बनाए रखता है। वे अपने अधूरेपन के शानदार उद्घाटन का कोई अवसर शायद ही कभी हाथ से जाने देते हों। वह सिर्फ विनम्रता ही नहीं होता है एहसास की ईमानदारी भी होता है। उनका यह अधूरापन देश के जनसामान्य के अधूरेपन की व्यक्तिगत पहचान और आत्मगत समानुभूति है। इसे ही वे अपने भाषणों में कवि-हृदय की पीड़ा लेकर जाहिर करते हैं। परिणाम यह होता है कि उनका राजनेता भी अधूरा रह जाता है। राजनीतिक शतरंज बिछाकर मनुष्य निरपेक्ष होकर चाल चलने के चलन वाले राजनीतिक युग में राजनेता अटलजी का आधा होना ही श्रेयस्कर है।

भाषणों, लेखों और कविता में अटलजी कभी क्लिष्ट हिन्दी नहीं लिखते। उनके लिए क्लिष्टता से बचना एक तरह से विद्वत्ता बघारने से बचने के अलावा पूरी निष्ठा से जनसाधारण से भाषायी सामीप्य की आराधना करना है।

मुझे अनेक प्रसंग याद हैं, जब मेरे लिखे किसी दस्तावेज से उन्होंने क्लिष्ट शब्द काटकर एवज में सरल शब्द डाले। ऐसे में अगर कोई असमर्थ शब्द भी चला आए तो भी जनसामान्य की सामीप्य आराधना के लिए वह अटलजी के लिए वरेण्य होता है। यह अलग बात है कि उनके द्वारा प्रयुक्त घिसे पिटे शब्दों के साथ उनके अर्थ सफल विद्रोह करते हैं और शब्दों की अर्थ सीमा के परे भी फैल जाते हैं, खास कर भाषणों में। संयुक्त राष्ट्र संघ में हुआ उनका पहला हिन्दी भाषण इस बात का प्रमाण है कि उनकी सरल भाषा में गम्भीर और जटिल अर्थों को पूरी क्षमता और सार्थकता के साथ वहन करने की पात्रता होती है। अटलजी की लक्षणा और व्यंजना भी अभिधामुखी होती है।

यही बात इस संकलन की कुण्डलियों की भाषा के साथ लागू होती है। जहां तक इन कुण्डलियों का सवाल है ये कवि के नाम उसकी अन्तरात्मा का पुरस्कार शिकायती दस्तावेज हैं। इनमें व्यंग्य है पर कटुता नहीं, इनका कुण्डली का तेवर पुराना है पर इनकी तासीर आधुनातन है। इनका आकार सूक्ष्म है पर समय के विराट प्रश्नों पर इनकी पकड़ पूरी और

मजबूत है। कुण्डलिया की विशेषता यह होती है कि ये अपने आकार में छोटी होती हैं पर इतनी छोटा भी नहीं होती कि सिर्फ कुआ हो। ये नदी न सही पर तालाब जरूर होती हैं जिसमें तैरा जा सकता है। यह संकलन न नियोजित काव्य है और न कविता संग्रह। यह तो आपातकालीन कैदी जीवन में जबरन मुहैया कराए गए खाली समय में व्यस्त राजनेता के अन्दर के निर्दयाय कवि के जागरण के बाद की ऐसी पहली अचना है जो अनियोजित और बेतरतीब है जो बेतरह फुटकर और इधर उधर तक फैली हुई है। लेकिन राजनीति की अथलय और संघर्ष का सरगम इसमें यथेष्ठ है। इन कुण्डलियों में लोकनायक जयप्रकाश नारायण आचार्य विनोबा भावे आदि से लेकर संजय गांधी के मकेनिक अर्जुनदास तक अनेक राजनैतिक व्यक्तियों का उल्लेख आया है। कई कुण्डलियाँ तो व्यक्तियों के आस पास ही बुनी गई हैं। राजनैतिक उदारता के जिस छोर पर अटलजी पहुंचे हैं उसीका यह परिणाम है कि बिना अपने राजनैतिक व्यक्तित्व का बीच में सन्तुलित किए उन्होंने राजनैतिक नामों का धड़ल्ले से उपयोग किया है। जब इस सम्पादक ने एक दो नामों पर आपत्ति की तो जो जवाब आया वह उसी उदारता का परिचायक था। इस संकलन की कुछ कुण्डलियां आपातकाल समाप्त होने और विदेशमंत्री बनने के बाद लिखी गई हैं। शेष सबकी रचना आपातकाल में बन्दी-जीवन के दौरान हुई।

बन्दी जीवन के दौरान उन्होंने इन हल्की फुल्की राजनैतिक व्यंग्य कुण्डलियों के अलावा गम्भीर कविताएं भी लिखीं। इस संकलन में वे कविताएं उन्हीं के आग्रह के कारण समाहित नहीं की जा सकीं। उनकी डायरियों में यत्र-तत्र कुछ पढ़ने के बाद दर्ज की गई टिप्पणियां या किसी रचना व घटना पर उनकी निजी प्रतिक्रियाएं भी दर्ज थीं लेकिन वे सब उनकी व्यक्तिगत धरोहर हैं।

—सम्पादक

क्रम

●

दुःशासन पर्व

k

२६ जून १९७५ को प्रातः समन्वय समिति की किसी बैठक के लिए अटलजी, आडवाणीजी, दण्डवतेजी और श्यामनन्दन बाबू बंगलौर में थे। ये सब वहां बंदी बनाए गए थे। इन्हें दिन भर थाने में रखा गया। इनमें श्याम बाबू ही अकेले थे जो पहले मंत्री रह चुके थे। अतः राजनीतिक कैदी के नाते अपने अधिकारों के लिए वे गहरे उतरे। इन नेताओं के साथ की गई बदसलूकी आम अधिकारियों की मानसिकता का संकेत देता है।

* कविराय की कुण्डलियां

धरे गए बगलोर मे

धरे गए बगलोर मे,
अडवानी के सग,
दिन भर थाने मे रह,
हो गई हुलिया तग,
हो गई हुलिया तग,
श्याम बाबू मनाए
'भ्रात पकडे गए,
न अब तक जेल पठाए' ?
कह कैदी कविराय,
पुराने मत्री ठहरे,
हम तट पर ही रहे,
मिश्रजी उतरे गहरे !

आपात के औचित्य प्रतिपादन के लिए की गई श्रीमती गांधी की समूची तार्किक किलेबन्दी को क्षण भर के लिए कवि ने कबूल कर लिया, लेकिन मर गए क्यों रामधन और नाखर हैं क्यों बन्दे के प्रश्नों में तार्किक किले को बुर्जों में ही नहीं बुनियादों में ही उन्होंने डाइनामाइट लगा दिया। कम से कम इतना तो श्रीमती इन्दिरा गांधी फासिस्ट नहीं कह सकती थीं। वे तो उनसे भी अधिक समाजवादी थे। श्रीमती गांधी की सिद्धान्त भ्रष्ट सत्तालिप्सा को चुनौती देने वाले इन व्यक्ति प्रतीकों की गिरफ्तारी ने आपातकाल की तार्किक आधारभूमि को उघाड़ा और दृश्य सामने वह आया जहां श्रीमती गांधी सब कुछ छोड़कर कुर्सी से कसके चिपटी पड़ी थीं।

शेखर हैं क्यों बन्द?

अरे गए क्या रामधन,
        शेखर हैं क्यों बन्द?
मुझको समझा कर कहा,
        मैं ठहरा मतिमन्द,
मैं ठहरा मतिमन्द,
        वनान्त क्यों कृष्णकान्त हैं?
उग्र सिंह होकर,
        प्रोफेसर क्या प्रशान्त हैं?
यह बैंदी कविराय,
        धारिया क्या न धार पर?
लक्ष्मीकान्तम्मा क्या बैठी
        मन को मार कर?

आपातकाल को आचार्य विनोबा भावे ने अनुशासन पर्व का नाम देकर गौरवान्वित किया था। कवि अनुशासन पर्व में दुःशासन लीला देखकर हैरत में है। यह कैसा अनुशासन पर्व है? धर्मराज्य के बदले डण्डे का राज! अनुशासन पर्व के लक्षण को देखकर कवि आश्चर्यचकित है। विशेष रूप से तब जब शासक की निजी आवश्यकता के लिए नित कानून बदलने लगे। संविधान के संशोधन तक इसके गवाह हैं।

अनुशासन पर्व

अनुशासन का पर्व है,
बाबा का उपदेश,
हवालात की हवा भी
देती यह संदेश,
देती यह संदेश,
राज डंडे से चलता,
जज हज करने जाए,
राज कानून बदलता
कह बंदी कविराय,
शोर है अनुशासन का
लेकिन जोर दिखाई
देता दुःशासन का।

सत्ता का साधन से साध्य बनना लोकतंत्र की आत्मा के लिए मारक होता है। आपातस्थिति के अंत पहले से सत्ता का यह चरित्र परिवर्तन चल रहा था। सिद्धान्त आस्था के नहीं इस चरित्र परिवर्तन का ध्यान देने के उपकरण बन रहे थे। कवि ने उस लम्बी प्रक्रिया को उजागर करने के लिए एक सूत्र पकड़ा है। अगर सिद्धान्तों की लड़ाई थी और खतरा तथाकथित दक्षिण पंथी और प्रतिक्रियावादी तत्वों की ओर से आ रहा था तो चन्द्रशेखर और रामधन की गिरफ्तारी का कौन-सा तुक था? और अगर रामधन और चन्द्रशेखर की गिरफ्तारी हुई है (जो कि हुई है) तो लड़ाई सिद्धान्तों की कैसे हो सकती है? कुर्सी धर्म की सर्वनाशी सर्वोच्चता की ओर कवि का संकेत है।

स्वाहा की तैयारी ?

धरे गए क्या रामधन,
शेखर हैं क्यों मंद ?
मो को समझाकर कहो,
हौं ठहरी मतिमंद,
हौ ठहरी मतिमंद,
बात है बड़ी अजबा,
खरबूजे को खाय रहा
है क्या खरबूजा ?
कह कैदी कविराय,
लाभ सत्ता का भारी,
सत्ता के हित सब कुछ
स्वाहा की तयारी ?

याग्रस प मकडा ग्गिजो म लावतम के कितन पहुंग्ए है और कितन गुनुरमुग मिता हैं यनाय की ग्शा म तग्न वान ग्श उग्न पग्चानना घाहता था। ग्री रामधन और श्री चन्द्रगाघर का पत्रिन म जो आध ग्जन वागी लाग थ यहा अटलजी ा उनकी इबारत ग्तिहास म ग्ज की है। वज और बलिया की मिट्टी का स्तवन ग्आ है इगम।

हुआ जब बलिया बागी

धन्य धन्य है रामधन,
कृष्णभूमि आबाद,
साथ चन्द्रशेखर सुभग,
बयालीस की याद,
बयालीस की याद,
हुआ जब बलिया बागी,
गोरों को गारत करने
जब जनता जागी,
वह बंदी कविराय,
क्रान्ति पूरी होना है,
रक्त-स्वेद से नई कालिमा
को धोना है।

आपातकाल की घोषणा का औचित्य प्रतिपादन काल्पनिक फासिस्ट षडयन्त्र का प्रचार करके किया गया था।

बहुत-से दिखावटी कदम उठाए गए। आंकडा के कारखाने पूरे पमाने पर काम करने लगे। लोकहित का बनावटी मुखौटा लगाया गया। यह ठीक है कुछ खास नहीं हुआ पर जो कुछ हुआ उसका भी श्रेय असल में तत्कालीन विरोधी पक्ष को ही था। कभी कवि कहते हैं—चलो इसी बहाने सही जनता की समस्याओं से आमना सामना तो हुआ!

फासिस्टों को शुक्रिया

'फासिस्टों' का शुक्रिया,
झकझोरी सरकार
कुम्भकरण निद्रा तजी,
ताल ठोक तैयार,
ताल ठोक तैयार
प्यार दलितों का उमड़ा,
दसों दिशा में पुन,
कागजी घोड़ा दौड़ा,
कह कैदी कविराय
विरोधी लेंय बधाई,
चीनी, चाय, चाटुकारी,
मस्ती करवाई।

आपातकाल क पहल ही नहरू राजवश की स्थापना की आकाक्षा और लोकतत्री आस्थाओ क प्रति अवहेलना का भाव लक्षित होन लगा था। आपातकाल क लागू होत ही अटलजी न पारिवारिक तानाशाही की दुखद सम्भावनाओ को स्पष्ट रूप म मुखर किया है इस कविता म।

चण्डीगढ और गोहाटी म काग्रेस क अधिवेशन क समय पुत्र सजय की ताजपोशी की परियोजना का जसा खुला प्रियावयन चालू हुआ उसम काग्रेसी नता और सारा दश सकत म आ गया। श्रीमती इन्दिरा गाधी न राज्य दश और सरकार का अपन और सजय क साथ मिलाकर एकाकार कर लिया। इन्दिरा ही भारत है सजय ही इन्दिरा है और उनकी इच्छा ही कानून है-- ऐस समीकरण स सारी राजनीति भ्रष्ट हो गई। यह रचना अटलजी क दिल्ली लौटन क बाद हुई। तब जब ताना पड गया था ताज की तयारी हो रही थी।

पुत्र पर ताज फलेगा

दिल्ली मे बगलार गए थे,
बगलोर से दिल्ली
इंदराजी ने कस कर गाडी,
ढिली थी जा किल्ली ,
ढिली थी जा किल्ली,
राज दरपुश्त चलेगा
बटी रानी बनी,
पुत्र पर ताज फलेगा
वह कदी कविराय,
अजब ह तुफी छाई
गद्द पर ताज पडे
नजर उठनी न उठाई।

४ जलाइ १९७५ को तानाशाही ने राष्ट्रीय स्वयसवक सघ पर प्रतिब ध लगा दिया। सघ सस्थापक डा० केशवराव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित सघ को कलकित करने और भारत भक्ति के सस्कार जाग्रत करने पर प्रतिब ध लगाने और डी० ए० वी० पी० फिल्म डिवीज़न समाचार आदि के प्रचार की आधी मे सघ को नष्ट करने के जुनून' के प्रति वर्ग विरकुल अनाघ्रात भाव से देख रहा है। उस जमायत की अधरात्रि मे भी विश्वास है कि प्रतिदिन सघ शाखा मे गूजने वाला भारत माता की जय का घोष दिग दिगत मे गुजायमान होगा।

मातृपूजा प्रतिबन्धित

अनुशासन के नाम पर,
अनुशासन का खून,
भग कर दिया संघ को,
कैसा चढा जुनून,
कैसा चढा जुनून,
मातृपूजा प्रतिबन्धित,
कुलटा करती केशव-
कुल की कीर्ति कलंकित,
कह कैदी कविराय,
तोड कानूनी कारा,
गूंजेगा भारत माता,
की जय का नारा।

१९७१ म आपातस्रात लगान क काइ दा महान क ज ्र पटना म प्रत्यक्ष राज आइ। जं० पा० बिहार के मूस और बा म अकसर आम जनता का ाल त्रम जान । आम जनता की भाषा म इस कडी कविराय न ज० पा० या ान म ाासन क पाप का फल बताया है। गगा क मानी ाार का आम जनता म याप्त आक्राश का आलम्बन लिया है कवि न प्राकृतिक काप और उसका गगाजल म।

इन पक्तिया क लखक का याद है बाढ़ग्रस्त लागा का मदद क लिए कवि न कल्याण स अपना विनम्र आर्थिक यागदान सरकारी माध्यम क जरिय भजा था।

धधकता गगाजल है

जे० पी० डारे जेल मे,
ता को यह परिणाम,
पटना मे परलै भई
डूबे धरती धाम,
डूबे धरती धाम,
मच्यो कोहराम चतुर्दिक,
शासन के पापन को
परजा ढाव, धिक धिक
वह बंदी बलिराय,
प्रकृति का कोप प्रबल है,
जयप्रकाश के लिए
धधकता गगाजल है।

बीस सूत्र रटते रहो

काव्य के बीस सूत्र है

कवि मिलना मुश्किल हुआ,
भाडा की है भीड
ठकुरसुहाती कह रहे,
बिन हड्डी की रीढ,
बिन हड्डी की रीढ,
सत्य से नाता तोडा,
सत्ता की सुन्दरी,
नचाती लेकर कोडा,
कह कंदी कविराय,
काव्य के सूत्र बीस है,
स्तुति गायन प्रथम,
शेष मे बडी खीस है।

करो पूत परसन्न

बीस सूत्र रटते रहो,
बेडा होगा पार,
अंधा बांटे रेवडी
लेना हाथ पसार,
लेना हाथ पसार,
न देना फूटी कौडी,
खूब लगाओ पेड,
कराओ सडक चौडी,
कह चंदी कविराय,
मिलेगी मनसबदारी,
करो पूत परसन्न,
मनाओ या महतारी ।

एक नया इलहाम

बीस सूत्र का कार्यक्रम
एक नया इलहाम
बीस आठ तीस बरस
भरे हुए गोदाम,
भरे हुए गोदाम,
दाम से जेब खाली
खाना कभी किसान,
कभी बाबू घरबारी,
वह कैदी कविराय,
कर्ज सब माफ हो गए
मुर्गी वाले कर्जदार
भी माफ हो गए।

बास सूत्र क सब यापक प्रचार स कवि का कामसूत्र या आ गया। शा क मी सयोग था कवि न काम ज्यादा बातें कम क नारे स जोडा। ३० साल से बात ज्यादा काम कम पर यवहार करने वालो को काम ज्यादा बात कम रखते रखना कवि के लिए काफी दिलचस्प अनुभव साबित हुआ।

पच बाण की मार से

कामसूत्र के देश मे,
　　　　बीस सूत्र का काम,
पच बाण की मार से
　　　　मचा हुआ कोहराम,
मचा हुआ कोहराम,
　　　　काम ज्यादा, बात कम,
कामधेनु की सेवा,
　　　　मेवा देगी हर दम,
कह कैदी कविराय,
　　　　काम की कला निखरती,
बूढ़ जग को चढी
　　　　जवानी सदा अखरती ।

जना   ७५ क पहन सप्ताह म श्रामती गाधा न बीस सूत्री कायक्रम की घापणा की। कवि न न पक्तिया म अपनी प्रतिक्रिया दज की है। य कायक्रम नय नहा कवल उनका कलवर नया है। मत्र पुराना और छाटा है। तत्र नया और बडा है। तत्र यानी प्रचार-तत्र। दिखावट क मुलम्म का गहरा प्रभाव है चौराह पर खडा बाबू। बाहर जो फरब का आवरण हाता है — जा सिफ मुखौटा हाता है।

मन से तन बड़ा है

बीस सूत्र को मत न मानो,
इंदिरा जी ने बोला
नया नहीं मन कुछ इसमें,
बहुत पुराना चोला,
बहुत पुराना चोला लेकिन
रंग, रूप है चोखा,
साठ कोटि जनता का देता,
इस सिक्सटर्म में धोखा,
यह कैदी कविराय,
मन से तन बड़ा है,
चौराहों पर इसीलिए
तो खाड़ पड़ा है।

लका मे भगदड

बीस सूत्र का कायक्रम,
ज्यो मारुति की पूछ,
जिसके मारे हो गई,
नीची सबकी मूछ,
नीची सबकी मूछ,
मची लका म भगदड,
सोने के सिहासन पर,
लटका चमगादड,
कह कैदी कविराय,
अपेक्षाओ की ज्वाला,
स्वाहा कर देगी,
अत्याचारो की माला।

न बच्चे दे जनानिया

पाच साल की योजना,
तीन सात गये बीत,
फिर भी गाये जा रहे,
जन्म दिवस के गीत,
जन्म दिवस के गीत,
इंदिरा सोहर गाव,
हवसर नजर उतारे,
'व्हीसी' ढोल बजाव,
कह बैदी कविराय,
मिलें दो मेहरबानिया,
पानी दें भगवान,
न बच्चे द जनानिया।

कुछ वर्षों से यह प्रच्छन्न प्रयास चल रहा था कि यह देश लोकतंत्र के लिए और लोकतंत्र इस देश के लिए उपयुक्त नहीं है। पश्चिम का एक बौद्धिक वर्ग भी एशिया को लोकतंत्र के लिए उपयुक्त नहीं मानता रहा। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने इसी पृष्ठभूमि में सीमित तानाशाही का सिद्धान्त आपात काल के पहले से प्रचारित करवाना चालू कर दिया था। हार्ड स्टेट बनाम सॉफ्ट स्टेट की विचारसरणी का गलत विश्लेषण इस सन्दर्भ में किया जाने लगा था। आपातकाल का लागू करना उसी की अगली कड़ी थी पर स्पष्ट मन्तव्य था पारिवारिक तानाशाही। कवि ने इसी गहरी तर्क पृष्ठभूमि में यह सवाल खड़ा किया है कि अगर आपातकाल की राजनैतिक प्रणाली पद्धति इतनी ही चमत्कारपूर्ण थी तो फिर आजादी मिलते ही लोकतंत्र के बजाय इस सीमित तानाशाही का रास्ता क्यों नहीं चुना गया? दरअसल सोच समझकर इसे नहीं चुना गया क्योंकि अपनी तमाम कमियों के बावजूद लोकतंत्र, राजनीतिक तंत्र का सर्वोत्तम आविष्कार है।

भूल भारी की भाई

सौ दिन आपत्काल से,
सौ से ज्यादा काम,
हर बीमारी की दवा,
करती काम तमाम,
करती काम तमाम,
भूल भारी की भाई,
सतालिस मे एमर-
जेंसी क्यो न लगाई,
कह कैदी कविराय,
उबल है एमरजेन्सी,
भोली जनता, देते जाओ,
झांसा - झांसी।

मीसा मंत्र महान

ब्रिटिश साम्राज्यवाद के शस्त्रागार का एक अच्छा हथियार था रौलट एक्ट। सीमा बाँधना आरम्भ हुए तो कानून अपना उस युग में बड़ा रखवाला सुधार और धारदार हथियार साबित हुआ। अपवादों में ऐसे न मामला को हर गली-कूचे में टहलता रखा था। और जब सीमा गांधी की गद्दी की रक्षा न्याय के औचित्य की क्षमता से परे हो गई तो पद शासित सीमा ने समाना। जहाँ सीमा की परिधि समाप्त होती थी वहाँ से न्यायालय की परिधि चालू होती थी। जब सीमा बोलता तो न्याय मौन रहता था। कवि सीमा का बन्दी था पर कविता आज़ाद थी। उसने तक्षकाय स्वाहा के साथ 'इन्द्राय स्वाहा' का पुनरुद्घोष किया।

मीसा मन्त्र महान

दोषी औ' निर्दोष मे,
जिसकी दृष्टि समान,
वीजा है वह जेल का,
मीमा मन्त्र महान,
मीसा मन्त्र महान,
राजगद्दी का रक्षक,
इन्द्राणी को लेकर,
स्वाहा होगा तक्षक,
कह कैदी कविराय,
मार मीसा की मारी,
रौलट की सन्तान,
त्रस्त है जनता सारी।

हर गला तानाशाही के पलत हाथों की जकडन महसूस कर रहा था। सेंसर पर अखबारों का ही एकाधिकार नहीं था चिट्ठियां भी सेंसर डेस्क पर एक दिन विश्राम करके पहुंचती थीं। अदृश्य आंखों कानों और हाथों के आतंक तले आदमी निहायत बौना और तुच्छ हो गया था। तानाशाही में सरकारीकरण का आलम यह था कि जीवन की आम हलचल दिन ब दिन ज्यादा नियंत्रित होती जा रही थी। यह कुण्डली उसी नियंत्रण की परादृश है।

कार्ड की महिमा

पोस्ट काड मे गुण वहुत,
सदा डालिए काड,
कीमत कम, सेसर सरल,
वक्त बडा है हाड,
वक्त बडा है हाड,
सम्हल कर चलना भैया,
बडे-बडा की फूक सरकती,
देख सिपहिया,
कह बैठी रविराय,
काड की महिमा पूरी,
राशन, भाषण, शादी-
ब्याही, काड जरूरी।

वक्त का पासा

लोकतन्त्र का क्षय नहीं,
 यह है 'नया स्वराज्य',
इसके सम्मुख मात सब,
 राम राज्य भी त्याज्य,
राम-राज्य भी त्याज्य,
 व्यर्थ सिंहासन छोड़ा,
पीस पीस कर धर देते,
 बनता जो रोड़ा,
कहें कवि कविराय,
 वक्त का पासा तगड़ा,
खादी वालों ने खादी
 वालों को पकड़ा।

आपातकाल के तुरंत बाद संजय गांधी सत्ता के गैर संवैधानिक शक्ति केंद्र के रूप में प्रकट होते गए। राजकाज के निर्णय लेना, केंद्रीय मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों को निर्देश देना, पुरस्कृत या दंडित करना आदि कार्यकलाप उनके अधिकार क्षेत्र में आ गए। मुख्यमंत्रियों से लेकर छोटे मोटे सरकारी अफसर श्री संजय गांधी की आज्ञा पालन करने में सौभाग्य मानने लगे। [illegible] ने नेहरू खानदान और पारिवारिक तानाशाही को बिलकुल बेपर्दा कर दिया। प्रस्तुत कविता में दिल्ली दरबार की इस दशा की प्रतिक्रिया है।

छोटे सरकार

सब सरकारों से बडे,
　　　　है छोटे सरकार,
गुड्डी जिनकी चढ रही
　　　　दिल्ली के दरबार,
दिल्ली के दरबार,
　　　　बुढापा खिसियाता है,
पूत सवाया सिंहासन,
　　　　चढता आता है,
कह काका कविराय,
　　　　नावशाही की छुट्टी,
नेता राज करेगा,
　　　　पीकर मुगली घुट्टी।

इन्दिरा-भक्ति-महिमा

हफ्ता 'हिन्दुस्तान' मे,
एक नया त्यौहार,
इन्दिरा की एकादशी,
सुन ले सब संसार,
सुन ले सब संसार,
करे जो नाम कीर्तन,
पुलिस न फटके पास,
पास मे नगद नारायण,
कह कैदी कविराय,
छोड दे ता-था थया,
सब तज, तू भज
एक इन्दिरा देवी मैया।

ठाट-बाट तगड़ा

दिल्ली में दरबार दो,
छोटा और बड़ा,
सुबह शाम मुजरे झड़,
ठाट बाट तगड़ा,
ठाट बाट तगड़ा,
पुलिस का पहरा बहुत कड़ा,
जी हुजूरिया की जड़ जमती,
लोकतंत्र उखड़ा,
कह कैदी कविराय,
अभी तक पासा ठीक पड़ा,
मतदाता ने मुहर लगाई,
गाय और बछड़ा।

पेंशन

पार्लियामेंट ने कर दिया,
पेंशन का बिल पास,
जितना वेतन उतनी पेंशन,
एक नया इतिहास,
एक नया इतिहास,
पेंशन पांच साल में,
सेवा धर्म महान,
फिर क्यों फटे हाल में ?
कह कैदी कविराय,
पेंशन बड़ी जरूरी,
टिकट मिले ना मिले,
उड़ेगी हलुआ पूरी !

सब दस नम्बरी

नम्बर दो है कौन ?

पूछा श्री चव्हाण से
नम्बर दो है कौन,
औचक भौचक से रह,
पल भर साधा मौन,
पल भर साधा मौन,
न कोई नम्बर दो है,
केवल नम्बर एक,
शेष सब जो है, सो है,
कह कैदी कविराय,
नई गणना गुणाक्षरी,
नारी नम्बर एक,
पुरुष सब दस नम्बरी।

आजीवन सेवा ?

"तीस साल सेवा करी,
जानत सकल जहान,
पदलिप्सा से दूर हूं",
बोले श्री चव्हाण,
बोले श्री चव्हाण,
बटने भर का कर दो,
घर, बाहर, रक्षा, शिक्षा,
जहां चाहे धर दो,
कह काकी कविराय,
नहीं होंगे ये टायर,
तीस साल की सेवा पूरी,
करो रिटायर।

भूतपूर्व श्यामला चौधरी बंसीलाल आदमी बाराचार ग नगर यथा बड़ी आम सभाओं में गौरवपूर्वक स्वयं की श्रीमती गाथा की खबर बताया करते थे। सिर्फ स्मरजमी तक बसी बजन का कवि का आकलन किता मगी गाविन ना।

बजेगी तब तक बंसी

बोले बंसीलालजी,
जीवन-भर का दास,
पद से कुछ पाना नहीं,
पद पद्मा की घास,
पद पद्मा की घास,
चरें माता के वाहन,
ढेंचू ढेंचू करें,
रात दिन स्तुति गायन,
वह कैदी कविराय,
जब तक एमरजेंसी,
दिल्ली के दरबार,
बजेगी तब तक बंसी।

पड़ेगी बिना भाव की

मरने पर सर फोड़ते,
जीते जी अनखाय,
कामराज के मित्र हैं,
सुब्रमण्य कहलाय,
सुब्रमण्य कहलाय,
साथ सत्ता का देते,
त्यागपत्र देकर, झट
वापस कर लेते,
कह काकी कविराय,
इन्हें चिन्ता चुनाव की
कामराज के बिना,
पड़ेगी बिना भाव की।

वरुआ विरुदावली

"इन्दिरा इण्डिया एक है",
इति वरुआ महाराज,
अकल घास चरने गई,
चमचों के सरताज,
चमचा के सरताज,
किया अपमानित भारत,
एक मृत्य के लिए कलंकित,
भूत, भविष्यत्,
कह कैंदी कविराय,
स्वर्ग से जो महान् है,
कौन भला उस भारत
माता के समान है ?

मिद्धाथशवर राय बगाल के तत्कालीन मुग्यमत्री उन तीन लागा म स थ जो १२ जून १९७५ के बाद श्रीमती गाधी के साथ चट्टान की तरह खड हो गए। तानाशाही को कानूनी जामा पहनाया लेकिन वचार आपातकाल म मजय शक्ति की कोप कृपा स भा ान हो गए। और कनवला के मूबदार का उखाड फेंकने का चक्र चलाया खद मजय न।

उडीसा की मुख्यमत्री नदिनी मत्पथी को उखाड फेंकन म उत्पन्न हुई गर्मी म सजय को धीरे चलो की नीति समझ म आई वरना सिद्धार्थ तपोवन को जा ही चुके थ।

चले सिद्धार्थ तपोवन

कलकत्ता मे मच रहा,
काग्रेस मे जग,
चीफ मिनिस्टर की हुई,
खामी हुलिया तग,
खामी हुलिया तग,
रग कुछ ऐसा बिगडा
माया चली न एक,
लगा रगडे पर रगडा,
कह कदी कविराय,
नई दिल्ली से अनबन,
राजपाट को छोड,
चले सिद्धाथ तपोवन ।

पुन चमकेगा दिनकर

१५ अगस्त के आज़ादी के उत्सव के दिन कवि ने विसर्जित स्वाधीनता की वेदना को वाणी दी है इस कविता में। प्रजातंत्र के सबसे स्तंभ को एक एक करके गिरते देखकर कवि घोर निराशा की अतल गहराई में पहुँचता है और जाने कहाँ से तत्काल विश्वास खोज लाता है भोर के आगमन का! इतिहास चक्र के अंतिम पाप को समझ या सत्य की सनातन विजय पर अडिग श्रद्धा के अतिरिक्त और क्या हो सकता है यह?

पुन चमकेगा दिनकर

आजादी का दिन मना,
नई गुलामी बीच
सूखी धरती, सूना अंबर,
मन आगन म कीच,
मन आगन मे कीच,
कमल सारे मुरझाए,
एक एक कर बुझे दीप,
अधियारे छाए
कह कैदी कविराय,
न अपना छोटा जी कर,
चीर निशा का वक्ष,
पुन चमकेगा दिनकर।

बजेगी रण की भेरी

दिल्ली के दरबार में,
кौरव का है जोर,
लोकतन्त्र की द्रौपदी,
रोती नयन निचोर
